मुद्रित पृष्ठों की कुल संख्या-05

परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था, मुंबई

Atomic Energy Education Society

Session: 2023-24

कक्षा दसवीं विषय: हिंदी (द्वितीय भाषा)

Class:10 Subject: Hindi (2nd Language)

अभ्यास पत्रक संख्या: 2

पाठ का नाम:_पाठ-10 (नेता जी का चश्मा)

और 11 (बालगोबिन भगत) पर आधारित----

विषयाध्यापक का नाम: श्री हरि शंकर त्रिपाठी

प्र० सं०1- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए:- (1 x 5 = 5)

हालदार साहब की आदत पड़ गई, हर बार कस्बे से गुजरते समय चौराहे पर रुकना, पान खाना और मूर्ति को ध्यान से देखना| एक बार जब कौतूहल दुर्दमनीय हो उठा तो पूछ ही लिया,"क्यों भई! क्या बात है? यह तुम्हारे नेता जी का चश्मा हर बार बदल कैसे जाता है?" पानवाले के खुद के मुँह में पान ठुँसा हुआ था| वह एक काला, मोटा और खुशमिज़ाज आदमी था| हालदार साहब का प्रश्न सुनकर वह आँखों–ही-आँखों में हँसा| उसकी तोंद थिरकी| पीछे घूमकर उसने दुकान के नीचे पान थूका और अपनी लाल-काली बत्तीसी दिखाकर बोला,"कैप्टन चशमेवाला करता है|"

1- 'बत्तीसी दिखाने' से क्या अभिप्राय है?

(क) ज़ोर से हँसते हुए बोलना (ख) दाँत पीसना (ग) मुसकुराना (घ) बात करना|

2- हालदार साहब ने पानवाले से क्या पूछा?

(क) मूर्ति के बारे　　　　　(ख) पान के बारे में

(ग) चश्मा के हर बार बदलने के बारे में　　(घ) चश्मा बदलने वाले के बारे में|

3- हालदार साहब की क्या आदत पड़ गई थी?

(क) पान खाने की　　　　　(ख) चौराहे पर रुकने की

(ग) मूर्ति को ध्यान से देखने की　　(घ) उपर्युक्त सभी विकल्प सही हैं|

4- हालदार साहब का कौतूहल दुर्दमनीय क्यों उठा?

(क) उनका कौतूहल बढ़ गया था

(ख) वह बार-बार बदलते चश्मों का कारण जाना चाहते थे

(ग) वह स्वयं पर नियंत्रण नहीं रख पा रहे थे

(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं|

5- पानवाला कैसा व्यक्ति था?

(क) वह एक खुशमिज़ाज व्यक्ति था　　(ख) वह बहुत उदास व्यक्ति था

(ग) वह एक आलसी व्यक्ति था　　(घ) वह एक ईर्ष्यालु व्यक्ति था|

प्र० सं०2- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए:-　　(1 x 5 = 5)

बालगोबिन भगत की संगीत-साधना का चरम उत्कर्ष उस दिन देखा गया जिस दिन उनका बेटा मरा| इकलौता बेटा था वह| कुछ सुस्त और बोदा-सा था, किन्तु इसी कारण बालगोबिन भगत उसे और भी मानते| उनकी समझ में ऐसे आदमियों पर ही ज़्यादा नज़र रखनी चाहिए या प्यार करना चाहिए क्योंकि ये निगरानी और मुहब्बत के ज़्यादा हकदार होते हैं| बड़ी साध से उसकी शादी कराई थी, पतोहू बड़ी सुभग और सुशील मिली थी| घर की पूरी प्रबंधिका बनकर भगत को दुनियादारी से निवृत्त कर दिया था उसने| <u>उनका बेटा बीमार है, इसकी खबर रखने की लोगों को कहाँ फुरसत!</u> किन्तु मौत तो अपनी ओर सबका ध्यान खींचकर

ही रहती है| हमने सुना, बालगोबिन भगत का बेटा मर गया| कुतूहलवश उनके घर गया| देखकर दंग रह गया|

1- भगत अपने बेटे को सामान्य से ज़्यादा क्यों चाहते थे?

(क) वह उनका इकलौता बेटा था|

(ख) भगत अपने बेटे पर निर्भर थे|

(ग) उसी के कारण उनका वंश बढ़ना था|

(घ) वह कुछ मंदबुद्धि बालक था|

2- गद्यांश में रेखांकित पंक्ति से व्यक्त होता है कि---

(क) अब लोग बहुत व्यस्त हो गए हैं|

(ख) अब लोगों मे आत्मकेंद्रिकता बढ़ गई है|

(ग) अब अपने पास-पड़ोस से लोगों का पहले जैसा व्यवहार नहीं रहा और संवेदनाएँ सीमित हो गई हैं|

(घ) उपर्युक्त सभी सही हैं|

3- पुत्रवधू के आने पर भगत के जीवन में क्या परिवर्तन आया?

(क) भगत अधिक प्रसन्न रहने लगे|

(ख) भगत गृहस्थी की अनेक जिम्मेदारियों से मुक्त हो गए|

(ग) अब भगत को बेटे की चिंता न रही|

(घ) अब भगत के समय की कमी न रही|

4- बालगोबिन भगत की बहू कर बारे में कौन-सा कथन सही है?

(क) बड़ी सुभग और कुशील थी|

(ख) घर की पूरी प्रबंधिका बनकर भगत को घर से निकाल दिया|

(ग) भगत की कोई बात नहीं मानती थी|

(घ) उपर्युक्त सभी कथन गलत हैं|

5- लेखक क्या देखकर दंग रह गया?

(क) भगत आज भी प्रसन्न और संगीत में तल्लीन थे |

(ख) भगत ने अपने पुत्र को जमीन पर लिटा रखा था|

(ग) उनके पुत्र के शरीर पर कोई चोट आदि के निशान नहीं थे|

(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं|

प्र० सं०3- निम्नलिखित प्रश्नों के (प्रत्येक के) उत्तर एक शब्द या अधिक से अधिक एक वाक्य में लिखिए:- (1 × 10 = 10)

(क) हालदार साहब क्या देखकर भावुक हो गए?

(ख) कैप्टन कौन था ? (ग) मूर्तिकार कौन था?

(घ) 'नेताजी का चश्मा' पाठ के लेखक कौन हैं?

(ङ) हालदार साहब किस बात पर दुखी हो गए?

(च) 'बालगोबिन भगत' पाठ के लेखक कौन हैं?

(छ) भगत की माला किसकी बनी होती थी?

(ज) भगत अपनी जीविका कैसे चलाते थे ?

(झ) भगत ने अपने बेटे की चिता को मुखाग्नि किससे दिलवाई?

(ञ) श्राद्ध की अवधि पूर्ण होने पर भगत ने क्या किया?

प्र० सं०6- निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर (प्रत्येक के 30 से 40 शब्दों में) लिखिए:- (2 x 10 = 20)

1- नेता जी मूर्ति पर सरकंडे का चश्मा क्या उम्मीद जगाता है?

2- चश्मेवाला नेता जी मूर्ति पर चश्मा क्यों लगाता था?

3- देशभक्ति की भावना वर्तमान समय में मज़ाक क्यों बनती जा रही है?

4- आपके इलाके के किसी चौराहे पर स्थापित किसी व्यक्ति की मूर्ति के प्रति आपके तथा दूसरे लोगों के क्या उत्तरदायित्व होने चाहिए?

5- बालगोबिन भगत की दिनचर्या लोगों के आश्चर्य का कारण क्यों थी?

6- बालगोबिन भगत अपनी पतोहू को उत्सव मनाने को क्यों कहते हैं?

7- हालदार साहब को कस्बे के नागरिकों का कौन-सा प्रयास सराहनीय लगा क्यों?

8- सेनानी न होते हुए भी लोग चश्मेवाले को कैप्टन क्यों कहते थे?

9- भगत प्रभातियाँ किस महीने में गाया करते थे? उनके प्रभाती-गायन की विशेषताओं का वर्णन कीजिए|

10- हर वर्ष गंगा-स्नान करने जाते समय भगत के मन में क्या विचार होते थे?

प्रश्न:5- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40 से 50 शब्दों में लिखिए:- (3 × 5 = 15)

(क) हालदार साहब की आँखें क्या देखकर भर आईं और क्यों?

(ख) हालदार साहब को पानवाले की कौन-सी बात अच्छी नहीं लगी और क्यों?

(ग) खेतीबाड़ी से जुड़े गृहस्थ बालगोबिन भगत अपनी किन चारित्रिक विशेषताओं के आधार पर साधु कहलाते थे ?

(घ) 'बालगोबिन भगत' पाठ में किन सामाजिक रूढ़ियों पर प्रहार किया गया है और क्यों?

(ङ) भगत की दलील के आगे उनकी पतोहू की एक न चली?

प्रश्न:6- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 70 से 80 शब्दों में लिखिए:- (5 × 5 = 25)

(क) आप अपने इलाके के चौराहे पर किस व्यक्ति की मूर्ति लगवाना चाहेंगे और उसके प्रति आपके तथा दूसरे लोगों के उत्तरदायित्व होने चाहिए?

(ख) नगरपालिका के अधिकारियों ने मूर्ति बनवाने में जल्दबाज़ी क्यों की?अपनी के अनुसार किसी स्वतंत्रता सेनानी का परिचय दीजिए|

(ग) बालगोबिन भगत किस पंथ के अनुयायी थे? उस पंथ की विशेषताएँ लिखिए|

(घ) भगत की संगीत -साधना का चरम कब दिखाए दिया और कैसे?

(ङ) बालगोबिन भगत की संगीत का वहाँ उपस्थित लोगों पर क्या प्रभाव पड़ता था?